हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 23 अक्टूबर 2025


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


10 धूमधाम से मनायी दीपावली, घर-घर जगमगाए दीप, जमकर आतिशबाजी





10 188वीं सीआरपीएफ बटालियन ने मनाया पुलिस स्मृति दिवस






# बस्तर जिले में रिसर्च पर मिलीं 5 गांवों में चूना पत्थर की खदानें, अन्य पर कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के छापरभानपुरी, सिवनी, अलनार, जुनागुड़ा एवं बड़ांजी में 28 वर्ष पूर्व रिसर्च पर चूना पत्थर की खदानें मिली हैं, लेकिन अभी तक उद्योगपतियों ने इस खदान में निवेश में कोई खास रुचि नहीं दिखाई है। इसके अलावा भौमिक तथा खनी कर्म के रिसर्च में कांकेर एवं नारायणपुर जिले की सीमा में सोना की खदान भी मिली पर इस पर अभी भी रिसर्च किया जा रहा है।


अलग खबर

बताया जा रहा है कि बस्तर क्षेत्र लंबे समय तक अपनी सांस्कृतिक धरोहर, घने वनों और खनिज संपदा के लिए पहचाना जाता रहा है। अब यही इलाका एक नए औद्योगिक युग की ओर कदम बढ़ा रहा है। केंद्र और राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियों, निवेश प्रोत्साहन योजनाओं और बेहतर कनेक्टिविटी के कारण बस्तर निवेशकों की पहली पसंद बनता जा रहा है।

यह बदलाव न केवल क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा, बल्कि रोजगार, बुनियादी ढांचे और सामाजिक विकास के नए द्वार भी खोलेगा। बस्तर भारत के सबसे खनिज संपन्न इलाकों में से एक है। यहां आयरन ओर, बॉक्साइट, चूना पत्थर और डोलोमाइट जैसे खनिज प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। खनिज के अलावा बस्तर में कृषि और वनोपज पर आधारित उद्योगों की भी बड़ी संभावनाएं हैं। तेंदूपत्ता, इमली, महुआ और लाख जैसे उत्पाद यहां की पहचान हैं।

## कांकेर व नारायणपुर जिले सीमा में सोना की खदान पर हो रही रिसर्च





### मुख्यालय को दी सूचना

भौमिक तथा खनी कर्म क्षेत्रीय संचालनालय के उप संचालक प्रफुल्ल मांझी ने बताया कि बस्तर जिले के चार गांवों में वर्ष 1997 में चूना पत्थर की खदानें मिली हैं। इसकी सूचना वर्ष 1997 में ही मुख्यालय को दी गई है।

### भविष्य की संभावनाएं

बताया जा रहा है कि आने वाले वर्षों में बस्तर केवल खनिज आधारित उद्योगों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आईटी, पर्यटन और सेवा क्षेत्र में भी विकास की बड़ी संभावनाएं हैं। ग्रीन इंडस्ट्रीज, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं और एडवेंचर टूरिज्म मिलकर बस्तर को पर्यावरणीय और आर्थिक रूप से सशक्त बनाएंगे। उद्योग और बैम्बू राफ्टिंग जैसे रोमांचक पर्यटन मॉडल मिलकर स्थानीय युवाओं और महिलाओं को रोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं। आने वाले वर्षों में बस्तर देश का औद्योगिक हब भी बनकर उभरेगा।

## खबर संक्षेप

### वूमेनटेक ग्लोबल अवार्ड में जगदलपुर की तन्नू चयनित



जगदलपुर। वूमेनटेक ग्लोबल अवार्ड 2025 की प्रतियोगिता वर्ल्ड स्तर पर हो रही, नामीनेशन में भारत से एक मात्र प्रतिभागी तन्नू जीवनानी अपनी भूमिका बनाने मे सफल रही। यह तन्नू जीवनानी जगदलपुर शहर से दिलीप जीवनानी एवं जमुना जीवनानी की बेटी जो कि अभी अमेरिका में माइक्रोसॉफ्ट कारपोरेशन में प्रिंसिपल सिक्योरिटी इंजीनियर हैं। वह आईडेंटिटी सिक्योरिटी इंसिडेंट रेस्पॉन्स प्रोग्राम का नेतृत्व करती हैं, जो 50 से अधिक वैश्विक क्लाउड सेवाओं की सुरक्षा करती हैं। वह साइबर सिक्योरिटी नवाचार, खतरा शमन और घटना प्रबंधन में एक मान्यता प्राप्त नेता हैं। अपनी तकनीकी योगदानों से परे, तन्नु टेक में महिलाओं और अल्प प्रतिनिधित्व वाले समूहों को सशक्त बनाने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं। वह बेलव्यू कॉलेज, शोरलाइन कम्युनिटी कॉलेज और आइडेंटिटी अंडरग्राउंड के लिए सलाहकार बोर्डों में कार्य करती हैं और वूमन इन सिक्योरिटी एंड प्राइवेसी छात्रवृत्ति समिति और आईएससीए पहलों में योगदान देती हैं। तन्नु फोर्ब्स टेक्नोलॉजी काउंसिल, साइबर डिफेंस मैगजीन और साइबरसिक्योरिटी इंसाइडर्स में एक प्रकाशित विचार नेता हैं, और उन्हें 2025 पीएनडब्ल्यू बिजनेस जर्नल वूमन ऑफ इन्फ्लुएंस नामित किया गया था। पूज्य सिन्धी पंचायत के अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी वोट के लिए अपील कर रहे तन्नू जीवनानी ने वुमन टेक ग्लोबल अवार्ड के लिए संघर्षरत है।

## अन्नकूट : लक्ष्मीनारायण मंदिर में पारंपरिक रूप से हुई गोवर्धन पूजा

# श्रीकृष्ण ने इंद्र के कोप से सृष्टि को बचाने अपनी अंगुली से उठाया था गोवर्धन पर्वत : आचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अंचल में दीपावली के तीसरे दिन बुधवार को गोवर्धन पूजा उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। शहर समेत गांव-गांव में लोग गोवर्धन पूजा में गौमाता की पूजा कर खिचड़ी भोग लगाया और उन्हें अपने हाथों से खिलाया।

- सांसद समेत बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु,अन्न भोग और खिचड़ी प्रसाद का वितरण

लक्ष्मीनारायण मंदिर के पुजारी पंडित किशोर तिवारी ने बताया गोवर्धन पूजा की कथा भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ी है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को ही भगवान श्रीकृष्ण ने गाय-ग्वालों को इंद्र के कोप से बचाने के लिए अपनी अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठा लिया था। गोवर्धन पूजा शुरू करवाई थी। साथ ही स्वर्ग के राज इंद्र को उनकी गलती का अहसास भी करवाया था,आज के इस दिन को अन्नकूट भी कहा जाता है। इस अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रवीर वार्ड स्थित श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर में भी आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी व पंडित चंदन तिवारी के नेतृत्व में पारंपरिक रूप से पूरे विधि विधान के साथ गोवर्धन पूजा व अन्नकूट महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण देवसिंह गोवर्धन पूजा में सम्मलित हुए और गौ वंशों को अपने हाथों से खिचड़ी खिलाया।



सर्वप्रथम देशी गाय के गोबर से श्री कृष्ण द्वारा चीनी अंगुली से उठाई गोवर्धन की प्रतिमा बनाई गई। फिर साज सज्जे के बाद भगवान श्री गोवर्धन जी महाराज का पूजन कर 56 भोग लगाया गया। आज के दिन जिनका सर्वाधिक महत्व होता है,ग्वाले राउत देवा भैया और उनकी धर्मपत्नी उनको टीका नेग करके आगे की रस्म पूरी गई। राउत अपनी छत्तीसगढ़ गड़ी बोली में प्रचलित कहावत सुनाते श्रद्धालुओं को काफी उत्साहित किया। उन्होंने बाद एक वर्ष तक तेल में डूबे लकड़ी से नारियल को एक बार में फोड़ने की रस्म पूरा किया। लक्ष्मीनारायण मंदिर ने गोवर्धन पूजा में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण देव, निगम एमआईसी मेम्बर सुरेश गुप्ता एवं संग्राम सिंह राणा, मनोहर तिवारी, रजनीश पाणिग्राही, योगेश ठाकुर, योगेश शुक्ला, अभय दीक्षित, संतोष बाजपाई, प्रवीन द्विवेदी, मृणाल मालिक, योगेश मिश्रा, सोनू भदौरिया, भास्कर तिवारी, ममता राणा, गीता शुक्ला, सतरूपा मिश्रा, पूजा ठाकुर, शिखा घोष, रेखा जायसवाल, रिंकी गुप्ता व अन्य सम्मलित हुए।

### गोबर से बने पर्वत पर चढ़ी बछिया

तत्पश्चात गोबर से तैयार भगवान कृष्ण जो पर्वत को एक उंगली से उठाए हुए है बछिया को छोड़ा गया जो कि उस पर चढ़ती है। उसके बाद गौवंश को खिचड़ी प्रसाद का भोग अर्पित किया गया। तत्पश्चात गौवंशों के खाये खिचड़ी के जूठन को श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूजा पश्चात आरती की गई। ततपश्चात उपस्थित सैकड़ों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं को अन्नभोग प्रसाद दिया गया।

## तीरथगढ़ जलप्रपात में पर्यटकों के लिए बांस से बनी नाव पर राफ्टिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

तीरथगढ़ जलप्रपात क्षेत्र में अब पर्यटकों के लिए एक नया आकर्षण जुड़ गया है। यहां बांस से बनी नावों पर राफ्टिंग की शुरुआत की गई है,जो रोमांच और प्राकृतिक सुंदरता का अनोखा संगम पेश करती है।

वन मंत्री केदार कश्यप ने तीरथगढ़ पहुंचकर इस नई पहल का जायजा लिया और मूंगाबाहर नाले में स्वयं बांस की नाव बांबू राफ्टिंग और कायाकिंग का अनुभव किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियां इको टूरिज्म को बढ़ावा देंगी और स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ग्रामीण और वन क्षेत्रों में पर्यटन के माध्यम से आजीविका के साधन उपलब्ध कराने प्रतिबद्ध है, जिससे स्थानीय लोगों को अपने ही क्षेत्र में रोजगार और आत्मनिर्भरता के अवसर प्राप्त हों।

- रोमांच और प्राकृतिक सुंदरता का अनोखा संगम



### पर्यटन को नए स्वरूप में कर रहे विकसित

मंत्री कश्यप ने इको विकास समिति के सदस्यों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं के तहत बस्तर संभाग में पर्यटन को नए स्वरूप में विकसित किया जा रहा है। तीरथगढ़ जैसे प्राकृतिक स्थलों में इको टूरिज्म की पहल न केवल क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएगी, बल्कि छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक और सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान देगी।

## बारिश भी नहीं बुझा सकी दीपों की लौ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग मुख्यालय समेत पूरे सातों जिलों में इस बार दीपावली का पर्व धूमधाम, रोशनी और उल्लास के साथ मनाया गया। घरों की सजावट, रंग-बिरंगी लाइटें और दीपों की कतारों से पूरा बस्तर जगमगा उठा। हर चौक-चौराहे पर दीपों की रौशनी ऐसी बिखरी कि लगा मानो पूरा शहर सोने की चादर में लिपट गया हो। शहर के विभिन्न मंदिरों को भी मिट्टी के दीये से प्रज्वलित किया गया था,आकर्षक लाइट से पूरे मंदिर को नहलाया गया था। बस्तर की आराध्य देवी दंतेश्वरी मंदिर समेत जगन्नाथ मंदिर, पनारापारा स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर, प्रतापदेव पारा स्थित शिवालय, सीताराम शिवालय व अन्य मंदिरों में आकर्षक साज-सज्जा की गई।

- बस्तर समेत सातों जिलों में धूमधाम से मनी दीपावली
- लोगों ने की जमकर खरीदारी, व्यापारियों ने भी मनाया जश्न

हालांकि शाम 7 से 9 बजे के बीच हल्की बूंदाबांदी ने कुछ देर के लिए बच्चों की मस्ती पर ब्रेक लगा दिया। पटाखों की गूंज थम गई, सड़कों पर सन्नाटा छा गया। मगर जैसे ही बादल छंटे, आतिशबाजी की गूंज ने फिर आसमान को रंगीन कर दिया। रात 12 बजे तक आसमान चमचमाती फुलझड़ियों और रंगीन रॉकेटों से झिलमिलाता रहा। गोलबाजार एवं सीरासार, जगन्नाथ मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर के समक्ष सड़क के दोनों तरफ ग्रामीण महिलाएं गेंदाफुल की मालाएं व अन्य पूजा सामाग्री का बाजार सजाई थी। जहां शहरवासियों द्वारा खरीदी की गई। इधर संजय बाजार है स्कूल मार्ग, पैलेस रोड में संजय बाजार सड़क के दोनों तरफ अग्रसेन चौक और धरमपुरा मार्ग में पूजा समाग्री बाजार सजा रहा। शहर के विभिन्न चौक चौराहों में फूलों की खरीदी के लिए जुटे रहे। दीपावली के दूसरे दिन भी समूचे अंचल में जमकर पटाखा फूटे। पहले दिन बारिश के खलल को लोगो ने दूसरे दिन पूरा करते रात 12 बजे तक आतिबाजी करते रहे।

स्थानीय नागरिकों ने भी दीपावली की रौनक पर अपनी प्रतिक्रियाएं दी।

रेडियो और घड़ी दुकान संचालक अनूप मेहरा ने मुस्कुराते हुए कहा कि इस बार ग्राहक दिनभर आते रहे। बारिश से थोड़ी देर रुकावट हुई पर बिक्री उम्मीद से बेहतर रही। इलेक्ट्रॉनिक शॉप के मालिक रविन्द्र दास पट्टजोशी बोले त्योहार के पहले दो दिन ग्राहकों की जबरदस्त भीड़ रही। शाम की बारिश ने थोड़ी दिक्कत दी, लेकिन उत्सव ने सब थका दिया। कृषक राकेश रथ ने कहा इस बार अच्छी फसल और अच्छा भाव मिलने का अनुमान है लेकिन बेमौसम बारिश परेशानी का सबब है।

फसल पककर तैयार है खेतो में पानी भरने से कटाई में समस्या आएगी। फिर भी दीपावली मनाने का मजा ही कुछ और रहा। ऑटोमोबाइल कंपनी के सेल्स मैनेजर आशीष शर्मा ने बताया दीपावली ऑफर्स को लोगों ने खूब पसंद किया, कई ग्राहकों ने नए वाहन खरीदे।

टिम्बर व्यापारी राकेश विश्वकर्मा ने कह बाजार में इस बार रौनक पुरानी चमक लेकर लौटी, व्यापारियों के चेहरे पर मुस्कान वापस आई।

### पूरा शहर बिजली की रोशनी से झिलमिला उठा

शहर के मुख्य मार्ग, प्रतापदेव वार्ड, बालाजी वार्ड, गोलबाजार, पैलेस रोड, संजय बाजार, कुम्हारपारा, ब्राह्मण पारा, सनसिटी, हाउसिंग बोर्ड लालबाग, हाउसिंग बोर्ड अघनपुर, सिंधी कालोनी, समेत बस्तर,भानपुरी, लोहंडीगुड़ा, तोकापाल, दरभा, बास्तानार, गीदम, दंतेवाड़ा, बीजापुर, भोपालपट्टनम, सुकमा, नारायणपुर, कोंटा,बारसूर, आवापल्ली, मद्देड समेत अन्य कस्बों,गांवों और शहर के विभिन्न क्षेत्रों दीपावली पर्व धूमधाम के साथ मनाई गई। शहर पर देर रात तक रौनक छाई रही।

## दिवाली पर आरपीएफ जवान यात्री सुविधा में रहे तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दीपावली त्यौहार के मद्देनजर आरपीएफ के अधिकारियों और कर्मचारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने, यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बंदोबस्त ड्यूटी पर तैनात किया गया था। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए स्टेशन परिसर, सर्कुलेटिंग एरिया,यात्री प्लेटफार्मों और रेलवे कॉलोनी में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

आरपीएफ पोस्ट इंचार्ज प्रवीण कुमार ने इसकी पुष्टि करते कहा आरपीएफ अधिकारियों और कर्मचारियों ने रेल और सड़क यातायात दोनों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए लेवल क्रॉसिंग फाटकों पर भी जांच की। आरपीएफ



कर्मियों ने संदिग्ध गतिविधियों, रेलवे पटरियों के पास पटाखों के उपयोग पर कड़ी निगरानी रखी और त्यौहारी भीड़ के दौरान भीड़ को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया। लगातार गश्त और सीसीटीवी निगरानी की गई और प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था के लिए जीआरपी और स्थानीय पुलिस के साथ घनिष्ठ समन्वय बनाए रखा गया।

## क्लिनिक को किया सील, 50 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नर्सिंग होम एक्ट अधिनियम 2013 एवं छत्तीसगढ़ चिकित्सा अधिनियम के अंतर्गत गठित निरीक्षण दल द्वारा शहर के विभिन्न चिकित्सा क्लीनिकों एवं डायग्नोस्टिक लैबों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के आधार पर विभिन्न कार्रवाई की गई। जिसमें डॉ. मोहनराव क्लीनिक कुम्हारपारा को अधिनियम के उल्लंघन पर सील बंद किया गया तथा 50 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। बालाजी डायग्नोस्टिक लैब पर पूर्व में लगाए गए 20 हजार रुपए के जुर्माने का भुगतान शासन को न करने पर लैब को सील करने की कार्रवाई की गई है। शिव शक्ति मेडिकल स्टोर लालबाग के साथ संचालित क्लीनिक में छत्तीसगढ़ चिकित्सा अधिनियम 2013 के प्रावधानों का पालन न करने पर 20 हजार रूपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। निजी चिकित्सा संस्थानों पर जिला



प्रशासन की कार्रवाई जिला कलेक्टर एस. हरीश के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के आदेशानुसार की गई।

सीएमएचओ ने बताया कि यह कार्रवाई जिले में संचालित समस्त निजी चिकित्सा संस्थानों को अधिनियमों के अनुरूप कार्य करने हेतु चेतावनी के रूप में की गई है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में भी इस प्रकार की निरीक्षण एवं कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। जिला प्रशासन बस्तर नागरिकों से अपील करता है कि वे उपचार के लिए केवल पंजीकृत एवं अधिकृत चिकित्सा संस्थानों का ही चयन करें।

## बीजापुर शराब दुकान में अधिक दामों पर बेची जा रही मदिरा

# नाबालिगों के हाथ में किताबें नहीं, ब्लैक में बेचने शराब की बोतल कौन थमा रहा?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

पढ़ाई की उम्र में नाबालिग शराब की कालाबाजारी में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, वजह जो भी लेकिन यह नियमों के खिलाफ है। यह कारस्तानी बीजापुर में शराब दुकान का ठेका ली कंपनी के कर्मचारियों द्वारा कराया जा रहा है। नाबालिग शराब बेच रहे हैं। यही नहीं ठेका कर्मचारी ग्राहकों से पर बोतल की एमआरपी रेट से 30-40 रुपए अधिक वसूल रहे हैं।

त्यौहार में बीजापुर में संचालित शासकीय शराब दुकान में शराब की क़ीमत आसमान छू रहीं हैं। 200 वाली शराब की बोतल दुकान के एजेंट ग्राहकों को 230 कीमत में ब्लैक में बेच रहा है। प्रिंट रेट से अधिक दामों में नहीं बेचने और पर व्यक्ति को केवल एक बोतल या अधिकतम तीन लीटर शराब ही बेचने का सख्त फरमान है। मगर आबकारी नियमों को ताक में रखकर झोला भर शराब बेच रहे है।

गौरतलब है कि राज्य में भाजपा सरकार के आने के बाद प्रदेश में संचालित शराब दुकानों में बिक्री होने वाली बोतलों में हॉलमार्क लगाने का फरमान जारी किया है। ताकि शासकीय दुकानों से शराब की बोतल खरीदने वाले ग्राहकों को शराब की क्वालिटी और उसकी कीमत की जानकारी आसानी से लग सके। मगर बीजापुर जिले में संचालित शराब दुकानों में ठेके लिए दिल्ली की रक्षक कंपनी के कर्मचारी अपनी मनमानी करने में आमद है जो दीपावली पर्व के आते ही शराब की कीमतों पर इजाफा कर दिया है। दुकान में शराब की खरीदारी करने आए हुए ग्राहकों से 200 एमआरपी रेट से 230 यानि 30 रुपये अधिक ले रहे है। खुले तौर पर बढ़ाई गई शराब की कीमतों पर जिले की आबकारी अधिकारी भी मौन है। जानकारी लेने जिला आबकारी सहायक आयुक्त को फोन से सम्पर्क साधा गया किंतु उन्होंने फोन नहीं उठाया।







### जांच कराएंगे

शराब की कीमत क्यों बढ़ाई गई है, इसकी जानकारी नहीं है। रही बात नाबालिगों से बिकवाने व शराब बेचने के मामलों कीजांच कराई जाएगी।

-संबित मिश्रा
कलेक्टर, बीजापुर

## खबर संक्षेप

### 10 दिसंबर को कोंडागांव जिले में स्थानीय अवकाश घोषित

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा पूर्व में घोषित स्थानीय अवकाश में आंशिक संशोधन करते हुए शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस 10 दिसंबर दिन बुधवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

### राजपुर में मातर महोत्सव आज

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में यादव समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 23 अक्टूबर गुरूवार को मातर महोत्सव का आयोजन रखा गया है। जिसमें विक्रम बेताल अखाड़ा दल सोनपैरी का प्रदर्शन होगा। रात्रिकालीन कार्यक्रम में शंभू गौरा सांस्कृतिक लोककला मंच सोनेवारा की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी गिरवर यदु, सोमनाथ यादव, टिकेश यादव, हेराम यादव व कमल यादव ने दी है।

### कण्डेल में मातर महोत्सव एवं राउत नाचा प्रतियोगिता आज

**पुरी।** ऐतिहासिक गौरव ग्राम कण्डेल में मातर महोत्सव एवं राउत नाचा प्रतियोगिता का आयोजन 23 अक्टूबर को किया गया है। मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन कार्यक्रम ममता चन्द्राकर के गीत संगीत से सजी पारम्परिक लोकगीतों की प्रस्तुति लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम चिन्हारी का आयोजन सम्राट मातर उत्सव इंदिरा आवासपारा एवं समस्त ग्रामवासी कण्डेल द्वारा किया गया है।

### मां अंगारमोती दाई की ऐतिहासिक मड़ई कल

**धमतरी ।** गंगरेल स्थित मां अंगारमोती दाई की ऐतिहासिक मड़ई शुक्रवार को होगी। इसी के साथ अंचल की संस्कृति और परंपराओं का आगाज हो जाएगा। आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई ने बताया कि परंपरानुसार दीपावली के बाद प्रथम शुक्रवार को मां अंगारमोती मड़ई का आयोजन किया जाता है। मंड़ई मेला को लेकर ट्रस्ट ने सारी तैयारी कर ली है। 52 गांव के देवी देवताओं एवं सिरहा बैगा को आमंत्रण दिया जा चुका है। माता के दरबार में इस दिन अंचल सहित दूर-दूर के देवी देवता शिरकत करेंगे। कांकेर, केशकाल आदि क्षेत्र के आंगा देवता के अलावा अंचल के डांग डोली, देव विग्रह, काली कंकाली, कांटा बैगा, डोकरा बैगा सहित अनेक देवी देवता एकत्रित होंगे, जिसका दर्शन करने प्रदेश भर के लोगों का आगमन होगा। मां अंगारमोती सर्वमनोकामना पूर्ण करने वाली वन देवी है जिसकी ख्याति देश प्रदेश में फैली हुई है। उन्होंने लोगों को अंगारमोती मड़ई में उपस्थिति की अपील की है।

**निःसंतान महिलाएं संतान सुख के लिए पड़ेंगे परण**

मां अंगारमोती के पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि मां अंगारमोती श्रद्धा के साथ मांगी गई सभी मुरादों को पूरी करती हैं। यहां मड़ई के दिन परण पड़ने की परंपरा आदिकाल से चली आ रही है जिसमें निःसंतान दंपतियों को संतान सुख की प्राप्ति प्रमुख है। उन्होंने बताया कि मड़ई के दिन सैकड़ों महिलाएं देवी के दरबार में पेट के बल लेटकर, संतान प्राप्ति की अर्जी लगाते हैं।

## पर्व: शुभ मुहूर्त में लोगों ने की धन की देवी की पूजा

# धूमधाम से मनायी दीपावली, घर-घर जगमगाए दीप, जमकर आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



क्षेत्र में दीपावली का पर्व इस साल धूमधाम और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। घर-घर दीप जलाए गए, मां लक्ष्मी-गणेश की पूजा हुई और युवाओं ने शानदार आतिशबाजी कर त्योहार की रौनक बढ़ाई।

खुशियों, रौशनी और उत्साह से भरा दीपों का पर्व दीपावली इस साल क्षेत्र में बड़ी धूमधाम और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। सोमवार की शाम नगर से लेकर गांव तक दीपों की रोशनी और रंगीन झालरों से सजा माहौल लोगों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरता नजर आया। हर गली, हर मोहल्ला और हर घर में दीपों की झिलमिल रोशनी से वातावरण आलोकित हो उठा। सुबह से ही बाजारों में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। मिठाइयों, उपहारों, दीयों और सजावट के सामान की दुकानों पर खरीदारों का तांता लगा रहा। हर कोई अपने घर को खूबसूरती से सजाने में जुटा रहा। बच्चों में पटाखे चलाने का उत्साह था, तो महिलाएं घर की सफाई, सजावट और पूजा की तैयारियों में व्यस्त रहीं।

- लोगों ने की जमकर खरीदारी, और मनाया जश्न

### मां लक्ष्मी और श्री गणेश की पूजा के साथ शुरू हुई शाम की रौनक

संध्या होते ही घर-घर में मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की गई। लोगों ने पूरे विधि-विधान से दीप जलाकर, फूलों और धूप से मां लक्ष्मी का स्वागत किया। पूजा के बाद परिवार के सदस्यों ने एक साथ दीपक जलाए। घर के आंगन, छतों और दरवाजों को दीपों से सजाया। इस दौरान मंदिरों में भी विशेष आरती और भजन संध्या का आयोजन हुआ।

### लाइट और फुलझड़ियों से चमका शहर

नगर को इस बार दीपावली पर दुल्हन की तरह सजकर सबका मन मोह लिया। दुकानों, मकानों और गलियों में रंगीन लाइटों की झालरें टिमटिमा रही थीं। आसमान में चमकती फुलझड़ियों और रंगीन पटाखों ने त्योहार की रौनक को कई गुना बढ़ा दिया। बच्चों और युवाओं ने देर रात तक आतिशबाजी का आनंद लिया।

### मिठाइयों और उपहारों की हुई बहुत खरीदारी

दीपावली से पहले ही बाजारों में रौनक अपने चरम पर थी। लड्डू, बर्फी, रसगुल्ले और चॉकलेट जैसी मिठाइयों की मांग इतनी अधिक थी कि कई दुकानों पर मिठाई खत्म हो गई। लोग एक-दूसरे को मिठाई और उपहार देकर शुभकामनाएं दे रहे थे। दुकानदारों ने बताया कि इस बार पिछले सालों की तुलना में बिक्री में काफी इजाफा हुआ है।

### सामाजिक सौहार्द और खुशी का माहौल

त्योहार के मौके पर पूरे क्षेत्र में खुशी और सौहार्द का माहौल रहा। लोग एक-दूसरे के घर जाकर दीपावली की शुभकामनाएं दे रहे थे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर किसी के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। बिजली की रोशनी, मोमबत्तियों और पारंपरिक दीयों से सजा फरसगांव मानो किसी नयी दुल्हन की तरह जगमगा रहा था।

### प्रशासन की तैयारी और सुरक्षा व्यवस्था

दीपावली के दौरान फरसगांव पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। मुख्य बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस बल तैनात रहा। आतिशबाजी के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो, इसके लिए सतर्कता बरती गई। नगर परिषद द्वारा सफाई व्यवस्था और कचरा उठाने की व्यवस्था भी पहले से कर ली गई थी।

### पर्यावरण के प्रति जागरुकता भी नजर आई

इस दीपावली पर कई सामाजिक संस्थाओं और स्कूलों ने लोगों से पर्यावरण को सुरक्षित रखने की अपील की। कुछ युवाओं ने ग्रीन दिवाली/" मनाने का संदेश देते हुए कम आतिशबाजी की और मिट्टी के दीयों से ही घरों को सजाया। इससे शहर में एक सकारात्मक संदेश गया कि खुशियां मनाने के साथ प्रकृति की रक्षा भी जरूरी है।

### रातभर गूंजते रहे त्योहार के गीत

दीपावली की रात संगीत और उत्सव की धुन गूंजती रही। कई मोहल्लों में युवाओं ने डीजे और पारंपरिक गीतों पर नृत्य किया। आतिशबाजी के बीच बच्चों की हंसी और लोगों की शुभकामनाओं से वातावरण और भी मधुर हो गया।

दीपों का यह त्यौहार सचमुच हर दिल को रौशन कर गया। रोशनी, मिठास और मिलजुलकर खुशियां बांटने की यह परंपरा हर साल इसी तरह उमंग और उल्लास के साथ बनी रहे, यही कामना लोगों ने की।

# 188वीं सीआरपीएफ बटालियन ने मनाया पुलिस स्मृति दिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ की 188 वीं बटालियन द्वारा आज राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर स्थित शहीद स्मारक में पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन किया गया।

- शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि
- राष्ट्रीय राजमार्ग 30 स्थित शहीद स्मारक में हुआ आयोजन

कार्यक्रम की शुरुआत में कमांडेंट भवेष चौधरी ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। गार्ड द्वारा शहीदों को सलामी दी गई। तथा उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जवानों ने दो मिनट का मौन रखकर अपने वीर साथियों को याद किया। कमांडेंट भवेष चौधरी ने कहा, आज का दिन देश की सुरक्षा में शहीद हुए सभी पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों के जवानों के बलिदान को नमन करने का दिन है।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का इतिहास वीरता और कर्तव्यनिष्ठा की गाथाओं से भरा हुआ है। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट्प्रिंग क्षेत्र में चीन के सैनिकों के हमले में सीआरपीएफ की एक छोटी टुकड़ी ने 18 हजार फीट की ऊंचाई पर असाधारण साहस और बलिदान का परिचय दिया था। उस संघर्ष में 10 जवान शहीद हुए, जिनकी स्मृति में हर वर्ष 21 अक्टूबर को "पुलिस स्मृति दिवस" मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान शहीद जवानों के परिवारों की कुशलता की कामना की गई। कमांडेंट चौधरी ने सभी जवानों से कहा कि हमारे शहीदों का बलिदान हमें सदैव देश सेवा, अनुशासन और समर्पण की भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी नीतीन्द्रनाथ, उप कमांडेंट कमल सिंह मीणा, सहायक कमांडेंट ओमप्रकाश विष्नोई, प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी, तथा बटालियन के अधीनस्थ अधिकारी और जवान उपस्थित रहे।

# पाटला में शहीद रामप्रसाद को किया याद, दी श्रद्धांजलि



**फरसगांव।** ब्लॉक के ग्राम पाटला में 21 अक्टूबर बुधवार को शहीद दिवस के अवसर पर गाँव के वीर पुत्र शहीद रामप्रसाद नेताम को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासी एवं आसपास के क्षेत्रों से आए क्रिकेट खिलाड़ियों ने भाग लिया और शहीद के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। शहीद के भाई शिव प्रसाद नेताम ने बताया कि रामप्रसाद नेताम कुछ वर्ष पूर्व मर्दापाल क्षेत्र में हुई नक्सली मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए थे। ग्रामवासी हर वर्ष 21 अक्टूबर को शहीद दिवस के रूप में उनका स्मरण करते हैं। इस वर्ष भी शहीद के परिवारजनों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा और ग्रामीणों ने शहीद के त्याग व बलिदान को प्रेरणास्त्रोत बताया।

## सीटर बालक छात्रावास में चोरी की वारदात

**नगरी ।** नगरी नगर के राईसपारा वार्ड क्रमांक 8 स्थित 250 सीटर बालक छात्रावास संचालित हो रहा है जिसमें लक्ष्मी पूजा की रात चोरों ने वारदात को अंजाम देते हुए दो कर्मचारियों के घरों से कई कीमती सामानों की चोरी कर ली। कर्मचारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, छात्रावास परिसर में निवासरत दो कर्मचारी रुदेशवर धुर्वा, श्रवण यादव लोग दीपावली पर्व मनाने अपने घर चले गए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने दोनों घरों का ताला तोड़कर टीवी, कंप्यूटर, मोबाइल, कपड़े, तेल, साबुन, जूते सहित अन्य घरेलू सामानों पर हाथ साफ कर दिया। वहीं अगले दिन जब कर्मचारी लौटे तो घर का ताला टूटा हुआ मिला और चोरी की घटना का पता चला। घटना की सूचना तत्काल थाना नगरी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश जारी है।

## काशीपुरी में मातर आज

पुरी। कोसरिया यादव समाज एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से ग्राम काशीपुरी में आज मातर महोत्सव का आयोजन रखा गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए ग्राम जीका डोंगरगढ़ राजनांदगांव का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजन समिति के समस्त सदस्य इस महोत्सव के तैयारी में जुटे हुए हैं। अध्यक्ष त्रिभुवन यादव, सचिव रेखराम यादव, सदस्य में कमलेश यादव, डंडेश्वर यादव, प्रताप यादव, रामप्रसाद यादव, सेवाराम खेदुराम ने लोगों से मातर उत्सव में शामिल होने की अपील की है।

# कोकोडी गांव की टीम में मारी बाजी, जीता खिताब



**फरसगांव।** विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत मांझी आठगाव के मांझापारा में दीपावली के अवसर पर आठ दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसका समापन 21 अक्टूबर को किया गया । फाइनल मुकाबला पाटला और कोकोड़ी के मध्य खेला गया। भंगाराम युवा संगठन के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में कुल 54 टीम ने भाग लिया ।

पाटला और कोकोड़ी की टीम ने फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच में कोकोड़ी की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया और पाटला की टीम को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। 8-8ओवरों का मैच खेला गया। वही पाटला की टीम निर्धारित 8 ओवरों मे 55 रन बनाने में कामयाब रही पावरप्ले में लगातार विकेटों का पतन होता रहा जिसमें क्रिकेट प्रेमियों को मैदान के चारों ओर चौकों छक्कों की बरसात देखने को मिली। जिसमें कोकोड़ी की टीम ने 7 ओवर 1 बॉल में अपना 57 रन बना सकी और कोकोड़ी की टीम जीत से शानदार आगाज किया। प्रथम इनाम 22,222 रुपए व ट्रॉफी अपने नाम किए। वही दूसरा ईनाम 11,111 रुपए व ट्रॉफी पाटला को प्रदान किया गया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि , भंगाराम युवा संगठन के युवा-युवती सहित बड़े संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# नक्सल विरोध सप्ताह का आज आखरी दिन, नक्सलियों की केन्द्रीय समिति ने जारी किया प्रेसनोट

**जगदलपुर।** नक्सलियों की केन्द्रीय कमेटी प्रवक्ता अभय ने प्रेसनोट जारी कर विरोध सप्ताह व भारत बंद का आयोजन किया है। विरोध सप्ताह का 23 तारीख को आखरी दिन है जबकि 24 अक्टूबर को बीजापुर के नेशनल पार्क, नारायणपुर के माड़ व कर्रेगुट्टा मुठभेड़ के विरोध में भारत बंद का आव्हान किया गया है।

नक्सलियों की केंद्रीय कमेटी प्रवक्ता अभय ने जारी प्रेस विज्ञप्ति मे 18 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक विरोध सप्ताह और 24 अक्टूबर को देशव्यापी बंद का आह्वान किया है। बंद का आव्हान नारायणपुर जिले के माड़ क्षेत्र, बीजापुर के नेशनल पार्क एरिया, सुकमा जिले के करेंगट्टा, झारखण्ड के पश्चिम सिंहभूमी व ओडिशा राज्य में आगामी 5 महीनों में चलाये जा रहे अभियान को रोकने की मांग को लेकर देश व्यापी आंदोलन व मुठभेड़ के विरोध में किया है। लगातार आत्मसमर्पण के बीच



नक्सल सगंठन ने एक बार फिर प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है। वहीं प्रेसनोट के बाद सुरक्षा एजेंसिया अपनी नजर बनाये हुए है।

### बीते 22 माह में 7 सौ मौत

जारी प्रेसनोट में बताया कि बीते 22 महीनों में देश भर में संगठन के लगभग 7 सौ साथियों की हत्या करने का आरोप लगाया है। पत्र में बताया कि बचे हुए केंद्रीय कमेटी सदस्यों, विभिन्न राज्यों की राज्य कमेटी सदस्यों को। पार्टी सदस्यों. पीएलजीए सदस्यों को 31 मार्च, 2026 तक खत्म करने की चेतावनी व धमकी देश की प्रधानमंत्री व गृहमंत्री के अलावा भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री व उच्च पुलिस अधिकारियों द्वारा दिया जा रहा है। इसके अलावा भारत मंथन के नाम पर दिल्ली व दूसरे शहरों में विचारगोष्ठियां चलाकर अर्बन नक्सल को खत्म करने का धमकियां भी दे रहे हैं। इसका मतलब, आरएसएस भाजपा द्वारा, उनके नेतृत्व में चल रही केंद्र, राज्य सरकारों द्वारा चलाये जा रही कार्पोरेटीकरण को, सैन्यकरण को, हिन्दुत्व को विरोध करने वाले तमाम लोगों पर अर्बन नक्सल का छाप लगाकर कलंकित कर जन पक्षधर बुद्धिजीवियों को खत्म करने की भयानक फासीवादी रणनीतिक योजना को लागू करना होता है।

# कोंडागांव में रोशनी की बहार : दीपों व खुशियों से जगमगाता रहा शहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पूरा शहर दीपावली की रौशनी से सोमवार व मंगलवार को जगमगा उठा। हर घर, हर आंगन और हर गली में दीपों की लौ ने खुशियों की किरणें बिखेर दीं। रविवार की शाम कोंडागांव ने सच्चे अथोंर् में प्रकाश पर्व का उल्लास देखा, जहाँ श्रद्धा, सजावट और सौहाद्र का मनमोहक संगम देखने को मिला। शहर के मुख्य मार्गो से लेकर कॉलोनियों और गाँवों तक दीपावली की सजावट ने मन मोह लिया। मकानों की बालकनियाँ, दीवारें और छतें सफेद–पीली रोशनी की झालरों से ढकी हुई थीं।

जगमगाती रोशनी में हर घर किसी मंदिर जैसा दिख रहा था जहाँ आस्था और सौंदर्य का संगम था।

### दीपों ने दिया एकता और उमंग का संदेश –

लोगों ने अपने घरों के द्वार पर मिट्टी के दीप जलाए, सुगंधित फूलों और रंगोली से आँगन सजाए। हर उम्र के लोगों ने इस उत्सव में भाग लिया बच्चों ने पटाखे जलाए, युवाओं ने घर सजाए, और महिलाओं ने पारंपरिक मिठाइयों की खुशबू से वातावरण महका दिया।लोगों ने अपने घरों की जगमगाहट भरी तस्वीरें और वीडियो क्लिप्स सोशल मीडिया पर साझा किए। फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम पर ट्रेंड करता रहा। कई इलाकों में स्थानीय युवाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों, दीपदान और भजन संध्याओं का भी आयोजन किया।

### यह दिवाली विशेष रही

विकासनगर, मिशन रोड, डोंगरीपारा, गांधी चौक से लेकर ब्लॉक कॉलोनियों तक हर ओर सजे घरों ने लोगों के मन में उल्लास भर दिया। स्थानीय निवासी श्रीमती शारदा तिवारी ने कहा इस बार दिवाली में सिर्फ घर नहीं, दिल भी रौशन हुए हैं। वहीं युवाओं ने कहा कि "कोंडागांव की यह जगमगाहट हमारी एकता और उमंग का प्रतीक है। कोंडागांव की दिवाली सिर्फ रोशनी का नहीं, बल्कि साझी संस्कृतिक और पारिवारिक सौहाद्र का पर्व रहा। हर चेहरे पर मुस्कान और हर घर में खुशियों की चमक थी। वास्तव में, यह दिवाली कोंडागांव के दिलों में रोशनी बनकर बस गई।

## छोटी दिवाली की रात मानवता और सेवा की मिसाल बनी कोंडागांव की घटना

# सड़क पर प्रसव पीड़ा से तड़पती गाय की लोगों ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जहां एक ओर लोग छोटी दिवाली का त्योहार मना रहे थे, वहीं शहर के विकासनगर क्षेत्र में मानवता की मिसाल पेश की गई। प्रसव पीड़ा से तड़पती एक गाय को देखकर श्रीमती शारदा तिवारी ने तुरंत पशु चिकित्सा विभाग से संपर्क किया। कुछ ही मिनटों में पशु चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुँच गई। कठिन परिस्थितियों में गाय का सफल प्रसव कर उसकी जान बचाई।

- मोहल्लेवासियों व पशु चिकित्सकों ने कराया सफल प्रसव
- गाय को तड़पता देख महिला ने दी सूचना डॉक्टरों ने छोड़ दी अपनी पूजा

सूचना मिलते ही विभाग में पूर्व में कार्यरत डॉ. नीता मिश्रा और उपसंचालक कार्यालय की डॉ. ढालेश्वरी ने अपनी दीपावली पूजा बीच में ही छोड़ दी और तत्काल घटनास्थल पर पहुँचीं। परीक्षण में पाया गया कि गाय का गर्भनाल मुड़ गया था और बच्चा तिरछा स्थिति में होने से सामान्य प्रसव संभव नहीं था। स्थिति की गंभीरता देखते हुए उन्होंने विभाग की पूरी टीम को बुलाया। थोड़ी ही देर में डॉ. आरती कृत्रिम गर्भाधान प्रभारी, डॉ. चन्दना मोबाइल यूनिट, वारिश नंद बड़ेकनेरा, कौशिक जैतपुरी, संजय सिंह और नागेश्वर पशु चिकित्सालय मौके पर पहुँचे। सभी के संयुक्त प्रयासों से गर्भनाल को सीधा कर सफल प्रसव कराया गया। कठिन परिस्थितियों में हुए इस ऑपरेशन से गाय और उसका बछड़ा दोनों स्वस्थ हैं।

### दिवाली की सबसे बड़ी पूजा मानी गौसेवा को

प्रसव के दौरान श्रीमती शारदा तिवारी, श्रीमती शैल मिश्रा, नृपेंद्र मिश्रा, श्री ठाकुर, श्रीमती सोनी सहित पूरे मोहल्ले ने पशु चिकित्सकों की हर संभव सहायता की। स्थानीय निवासी श्री पाठक और उनके पुत्रें ने भी सहयोग किया। सभी ने कहा यह सेवा ही हमारी असली दिवाली पूजा है, जिसने एक जीव की जान बचाई।

### पशु मालिक का नहीं मिला सुराग

– घटना के दौरान पशु मालिक का कोई पता नहीं चल सका। वर्तमान में गाय और उसका बछड़ा मिश्रा परिवार के संरक्षण में स्वस्थ हैं। मोहल्लेवासी बारी–बारी से दोनों की देखभाल कर रहे हैं। टीम ने आमजन से अपील की है कि त्योहारों के दौरान अपने पशुओं को सुरक्षित बाँधकर रखें और गर्भवती पशुओं पर विशेष ध्यान दें। थोड़ी सी लापरवाही उनके जीवन के लिए खतरनाक हो सकती है।

खबर संक्षेप

## कम लागत से देसी जुगाड़

**भोण्ड।** बस्तर ब्लॉक के ग्राम पंचायत मधोता के समरसता भवन में बीआरएलएफ के माध्यम से बस्तर सेवक मंडल द्वारा हाई इक्पेक्ट मेगा वाटर सेड परियोजना के तहत पीआरए सहभागिता ग्रामीण मूल्यांकन कार्यक्रम आयोजित की गई थी, जिसमें ग्राम के कार्ययोजना एवं सामाजिक मानचित्र संसाधन मानचित्र, मौसमी मानचित्र बनाया गया। साथ ही किसान पाठशाला का भी आयोजन किया गया गया। कृषि विशेषज्ञ सुनील कुमार ठाकुर ने किसानों को बताया की कम लागत से देसी जुगाड़ जैविक खाद कैसे तैयार किया जाता है, जैविक दवा कैसे तैयार किया जाता है। सरकार द्वारा किसानों को लाभ पहुंचाने योजनाएं चलाई जा रही है, जैसे निजी भूमि में भूमि सुधार, मेड़ बंधान एवं समतलीकरण, कार्य परती या बंजर भूमि को खेती योग्य बनाना डबरी निर्माण, कुआँ निर्माण एवं अन्य जल संचयन संरचनाओं से सिंचाई सुविधाएँ बागवानी, रेशम पालन, पौधा रोपण और कृषि वानिकी के माध्यम से आजीविका में सुधार नाडेप कम्पोस्ट टैंक, वर्मी कम्पोस्ट टैंक व द्रव जैविक खाद-अमृत पानी टंकी के निर्माण के द्वारा जैविक खेती में सहयोग एवं पर्यावरण को फायदा पहुंचाने जैसे बहुत से योजनाओं के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच कलावती जयदेव उप सरपंच सुदामा मांझी,सीसीई लोकनाथ सेठिया, सीआरपी प्रेमसागर ठाकुर, जम्मू ठाकुर,ग्राम सभा अध्यक्ष कमला मांझी, ग्राम संगठन धनमती नाग, अम्बिका ठाकुर,कौशल्या ठाकुर, रोजगार सचिव हेमराज मौर्य रमेश मांझी लक्ष्मण मांझी खिलेन्द्र, पारा पंच आदि कर्मयोगी सदस्य ग्राम के जिम्मेदार नागरिक महिला ग्राम संगठन अध्यक्ष सचिव स्व सहायता समूह सदस्य मितानिन आँगन बाड़ी कार्यकर्त्ता आदि सम्मिलित रहे।

# गीदम में धूमधाम से हुई मां काली की प्रतिमा की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

■ प्रतिदिन हो रहा भंडारा व प्रसाद का वितरण



गीदम नगर में श्रीश्री श्यामा काली सार्वजनिक उत्सव समिति द्वारा मां काली की प्रतिमा की स्थापना विधिविधान से की गई। इस आयोजन में समिति के अध्यक्ष विधान मंडल, नितेश गाइन, उपाध्यक्ष मनोरम विश्वास व दीपक मंडल, सचिव प्रणय बाला व दयाल विश्वास, सह सचिव प्राण मंडल, बंकीम व दीपक बोस, कोषाध्यक्ष सुजय घोष, अशोक और बंगीय समाज के अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

गौरतलब है कि गीदम नगर में मां काली की प्रतिमा की स्थापना का यह आयोजन पिछले लगभग 20 वर्षों से बंगीय समाज द्वारा लगातार किया जा रहा है। इस पारंपरिक उत्सव में नगर और आसपास के क्षेत्र के करीब 80-90 परिवार मिलकर अपनी सहभागिता निभाते हैं। मां काली की पूजा-अर्चना के साथ यह पर्व तीन से पांच दिनों तक चलता है, जिसमें नगर के सभी समुदायों के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। सोमवार की मध्य रात्रि को मां काली की प्रतिमा की स्थापना और पूजा विधिवत संपन्न हुई। मंगलवार को भव्य आरती और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। बुधवार को खिचड़ी भंडारा और गुरुवार को खीर का भंडारा आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन भंडारे के प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। मां काली के दर्शन के लिए नगर और दूरदराज से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। 24 अक्टूबर, शुक्रवार को मां काली की प्रतिमा का विधिवत विसर्जन किया जाएगा। मां काली की पूजा-अर्चना और भंडारे के आयोजन ने पूरे नगर को भक्ति और उल्लास के माहौल से भर दिया है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दीपों का पर्व दीपावली

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

■ पूजा अर्चना के बाद जमाकर हुई आतिशबाजी



गीदम नगर और आस-पास के क्षेत्रों में दीपावली का पर्व पूरे हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। पांच दिवसीय इस महापर्व की शुरुआत शनिवार को धनतेरस के दिन हुई, जहां लोगों ने जमकर सोने-चांदी, बर्तन और अन्य शुभ वस्तुओं की खरीदारी की। यह पर्व बुधवार को भाईदूज के साथ समाप्त होगा। दीपावली के मुख्य दिन, कार्तिक अमावस्या की रात को मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना बड़े उत्साह के साथ की गई। गीदम नगर में हर घर, आंगन और मंदिर को दीपों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया।

अंधेरी रात में दीपों की रोशनी ने जीवन में उजियारे की नई उम्मीद जगाई। मां लक्ष्मी के स्वागत में नगरवासियों ने श्रद्धा और उमंग का प्रदर्शन किया। पूजा-अर्चना के बाद लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा, जिससे नगर का हर कोना उत्सवमय हो गया। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने इस अवसर का आनंद लिया। अगले दिन गोवर्धन पूजा के अवसर पर गाय और बैल की पूजा की गई। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में यह परंपरा बड़े उत्साह के साथ निभाई गई। इस पूजा के माध्यम से लोगों ने प्रकृति और पशुधन के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। दीपोत्सव के अंतिम दिन भाईदूज का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन बहनें भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करेंगी। भाई भी अपनी बहनों को उपहार देकर उनका आशीर्वाद लेंगे। दीपावली का यह महापर्व न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और भाईचारे का प्रतीक भी है। गीदम में इस पर्व ने हर वर्ग के लोगों के चेहरों पर खुशियां और उम्मीद की रोशनी बिखेरी।

# कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष चयन के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



दंतेवाड़ा जिला कांग्रेस कमिटी के नए जिलाध्यक्ष के चयन के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व महासचिव, तेलंगाना कांग्रेस अभियान समिति के संयोजक सय्यद अज़मतुल्लाह हुसैनी ने ब्लॉक कांग्रेस कमिटी गीदम और ब्लॉक कांग्रेस कमिटी बारसूर के पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं से सुझाव लेकर जिलाध्यक्ष पद के लिए चर्चाएं कीं। बैठक में कांग्रेस के कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक देवती महेंद्र कर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष विमल चंद सुराना, वरिष्ठ कांग्रेसी शकील रिज़वी, जिला पंचायत सदस्य तूलिका कर्मा, महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष आशिफ रजा, जिला पंचायत सदस्य प्रवीण राणा, गीदम ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कर्मा, जिला महामंत्री रविश सुराना, जिला सचिव रजत दहिया, जिला महामंत्री कमलोचन सेठिया, और जिला सचिव शेख सिराजुद्दीन उपस्थित रहे। इसके अलावा गीदम ब्लॉक मीडिया प्रभारी ऋषभ सुराना, वरिष्ठ कांग्रेसी लखमू राम, सेक्टर अध्यक्ष नरेंद्र सुराना, कार्यकारिणी सदस्य शैलेन्द्र कोमर्य, मीनाज खान, अनिल सोनी, और बोगा राम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता इस महत्वपूर्ण बैठक का हिस्सा बने। बैठक में नेताओं ने जिलाध्यक्ष के चयन को लेकर अपने-अपने सुझाव और विचार रखे। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के संगठन को मज़बूत करने और आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन के लिए रणनीतियों पर भी चर्चा हुई।

सय्यद अज़मतुल्लाह हुसैनी ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बातों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नए जिलाध्यक्ष का चयन सभी की सहमति और सुझावों के आधार पर किया जाएगा।

# कुपोषण से प्रभावित बच्चों को दिए पौष्टिक खाद्य सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरी



सद्गुरु कबीर धनिधर्मदास वंशावली मिशन जिला बस्तर के जिला एवं तहसील प्रतिनिधियों द्वारा नवोदित वंशाचार्य हुजूर उदितमुनि नाम साहब के प्रेरणा, पंथश्री हुजूर प्रकाशमुनी नाम साहब के आशीर्वाद से दीपोत्सव का महापर्व दीपावली के पावन अवसर पर रुप चौदस, छोटी दिवाली के दिन सेवा और मानवता को आधार मानते हुए जीव दया और आतम पूजा को आत्मसात करने का प्रयास करते हुए जिला बस्तर के तहसील भानपुरी में स्थित सिविल अस्पताल के कुपोषित शिशु संरक्षण केंद्र में पहुंचकर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अफसाना से सम्पर्क कर भर्ती ग्यारह कुपोषित बच्चों को चिकित्सा अधिकारी के सलाह पर बच्चों व माताओं की आहार के लिए मूंगफली, अमूल दूध पाउडर, दलिया आदि पौष्टिक खाद्य सामाग्री परिजनों को सौंपा।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भानपुरी में भर्ती मरीजों को ताजे पके हुए फल वितरण किया और सद्गुरु कबीर धनिधर्मदास साहब से मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर केडीव्ही मिशन जिला बस्तर के प्रतिनिधि श्याम दीवान (कबीर पंथी) ने केडीव्ही मिशन के जिला तहसील एवं ग्रामीण स्तरीय प्रतिनिधियों से आग्रह करते हुए अपील किया कि पंथश्री हुजूर प्रकाशमुनी नाम साहब संरक्षण में एवं केडीव्ही मिशन के प्रवर्तक पूज्यनीय नवोदित वंशाचार्य उदित मुनि नाम साहब द्वारा संचालित केडीव्ही मिशन के माध्यम से इस वर्ष की दीपावली को सेवा एवं मानवता का दीप प्रत्येक संतजनों के दिलों में प्रकाशित करने का आत्मीय रुप से एकजुट होकर एक-दूसरे का सहयोग करने स्वैच्छिक तौर पर तन-मन-धन से समर्पित होकर सकारात्मक सोच के साथ दिवाली पर्व को मानवता से प्रेरित होकर जीवों पर दया करने गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज के पश्चात दूसरे दिवस सामूहिक रूप से मवेशियों को खिचड़ी पकवान बनाकर खिलाने के लिए तैयारी करने कहा गया। केडीव्ही मिशन जिला बस्तर के परोपकारी प्रतिनिधि पवनदास ने भी उपस्थित प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि सभी प्रतिनिधियों को जीवों पर मानवीय व्यवहार सद्भावना पूर्वक दया करने के लिए समय विशेष की महत्व को रेखांकित करते हुए प्रत्येक कार्य को निर्धारित समय पर गंभीरता से एवं स्वैच्छिक रुप से स्वप्रेरित होकर निःस्वार्थ भावना से करने पर मानवीय जीवन मूल्यों की लक्ष्य को हासिल करने से भावी पीढ़ी के लिए परोपकारी बनने प्रेरणा के स्त्रोत हो सकते हैं।

इस अवसर पर सद्गुरु कबीर धनिधर्मदास वंशावली मिशन जिला बस्तर के जिला प्रतिनिधि श्याम दीवान, जिला परोपकारी प्रतिनिधि पवनदास, महिला प्रतिनिधि शहीरामनी, सलाहकार महंत लक्ष्मीकांत, महंत बुधरुदास, महंत गिरधरदास, तहसील प्रतिनिधि बिधियादास,सह प्रतिनिधि मदनदास, युवा प्रतिनिधि पूनमदास, अनिलदास, हेमलाल, बैधनाथ, नत्थूदास,शालूदास, समाजसेवी अचल बाजपेई सहित कबीर पंथ अनुयायी (संतजन) शामिल रहे।

# ठेकेदारों ने छोड़ा अधूरा काम, विभाग बना मूकदर्शक ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

## जल जीवन मिशन टाकरागुड़ा में फेल, टंकी बनी सफेद हाथी

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा

■ हर घर जल नहीं, हर घर छल, अधूरी योजना ने उजागर की सरकारी नाकामी





ग्रामीण बोले विकास के वादों में हमारा पानी कहां गया

बस्तर जिले के जनपद पंचायत बस्तर अंतर्गत ग्राम पंचायत भाटपाल के आश्रित ग्राम टाकरागुड़ा में करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई जल जीवन मिशन की योजना आज भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही की एक जीती-जागती मिसाल बन गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल से जल का सपना यहां के ग्रामीणों के लिए तीन साल बाद भी एक अधूरा सपना ही बना हुआ है। जिन नलों से लोगों को स्वच्छ जल मिलने की उम्मीद थी, वहां आज तक एक बूंद पानी नहीं टपका। तीन साल पहले जल जीवन मिशन के तहत गांव में बड़ी-बड़ी मशीनें लाई गईं, टंकी का निर्माण हुआ, पाइप बिछाने का वादा किया गया और गांव के हर घर में पानी पहुंचाने का भरोसा दिया गया। लेकिन आज वह टंकी बिना पानी के खड़ी एक सफेद हाथी बन चुकी है। निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद जल आपूर्ति की कोई व्यवस्था नहीं की गई। न तो बोरवेल खोदा गया, न पाइपलाइन जोड़ी गई और न मोटर पंप लगाया गया।

गांव के निवासी महेश कश्यप कहते हैं, टंकी तो आधा बना दी, लेकिन पानी नहीं है। अधिकारी आते हैं, फोटो खिंचवाते हैं और चले जाते हैं। वहीं नंद राम ठाकुर बताते हैं, हम आज भी आधा किलोमीटर दूर तालाब से गंदा पानी ढोते हैं। बरसात के मौसम में वही पानी पीने से बच्चे और बुजुर्ग बीमार पड़ जाते हैं। महिलाएं सुबह से शाम तक सिर पर घड़े रखकर लंबी दूरी तय करती हैं। बच्चों की पढ़ाई और बुजुर्गों की सेहत दोनों प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि टंकी निर्माण के समय अधिकारियों ने कहा था कि जल्द पानी सप्लाई शुरू हो जाएगी, पर तीन साल गुजर जाने के बाद भी नलों में पानी नहीं आया। गांव के कई हिस्सों में पाइपलाइन अधूरी पड़ी है और कई जगह पाइप जंग लगकर बेकार हो चुके हैं। जनपद सदस्य हेमराज बघेल ने कहा जब केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की सरकार है, तब इस तरह की लापरवाही अस्वीकार्य है। ठेकेदारों ने अधूरा काम छोड़ दिया और विभाग ने कभी जांच करने की ज़हमत तक नहीं उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन के नाम पर केवल कागजी काम हुआ है, जमीनी स्तर पर कुछ नहीं। जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर ग्रामीण घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना था, ताकि महिलाएं और बच्चे पानी के लिए भटकने से बचें। लेकिन टाकरागुड़ा की अधूरी टंकी इस मिशन की असफलता को उजागर कर रही है। कोटि-कोटि रुपये खर्च होने के बाद भी ग्रामीणों को नल से नहीं, बल्कि तालाब से ही पानी ढोना पड़ रहा है। अधिकारी कागजों में योजना पूरी दिखाकर अपनी जिम्मेदारी से बचते रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि योजना शुरू होने के बाद गांव में कुछ दिनों तक काम हुआ। अब टंकी के आसपास झाड़ियां उग आई हैं और लोहे के ढांचे पर जंग लग चुका है। गांव के लोगों ने कई बार जनपद और जिला अधिकारियों से पानी की आपूर्ति बहाल करने की मांग की, पर हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला। नतीजा यह है कि गर्मी के दिनों में गांव में पानी का संकट और भी गहरा हो जाता है। महिलाएं सुबह चार बजे उठकर तालाब या नालों से पानी लाती हैं। यह न सिर्फ उनके स्वास्थ्य पर असर डालता है, बल्कि बच्चों की शिक्षा और परिवार के अन्य कार्यों को भी बाधित करता है।

टाकरागुड़ा की सूखी टंकी आज एक गांव की त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की विफलता का प्रतीक बन चुकी है। जिस योजना को लेकर सरकार ने गांव-गांव तक जल पहुंचाने का दावा किया था, वह योजना यहां के लोगों के लिए हर घर जल नहीं, बल्कि हर घर छल साबित हो रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द जल आपूर्ति शुरू नहीं की गई, तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करेंगे। वे कहते हैं, हमें भाषण और फोटो नहीं, अपने घर में पानी चाहिए।

## विद्यालय में करियर गाइडेंस कार्यक्रम

**गीदम।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गीदम में विद्यार्थियों के भविष्य मार्गदर्शन हेतु कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गीदम के व्यापारी रोहित जैन तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट आकांक्षा जैन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कक्षा 11वीं एवं 12वीं कॉमर्स संकाय की छात्राओं को कॉमर्स विषय चुनने के पश्चात उपलब्ध विभिन्न कैरियर संभावनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अतिथियों ने विद्यार्थियों को बताया कि कॉमर्स विषय के माध्यम से वे चार्टर्ड अकाउंटेंसी , कंपनी सेक्रेटरी , कॉस्ट अकाउंटेंसी , बैंकिंग, बीमा, वित्तीय परामर्श, प्रबंधन , उद्यमिता आदि क्षेत्रों में अपना उज्ज्वल भविष्य बना सकती हैं। उन्होंने यह भी समझाया कि इस संकाय में गणित, लेखा, व्यापार अध्ययन, और अर्थशास्त्र जैसे विषयों का ज्ञान भविष्य की सफलता की नींव होता है। कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता नोखेलाल निषाद, ममता तिवारी, सुश्री माधवी साहू, प्राचार्य अवधेश अवस्थी तथा कैलाश नीलम उपस्थित रहे।
इस कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एवं राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित व्याख्याता राकेश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया।

# उपभोक्ता घर बैठे ही ई-जागृति पोर्टल से करें शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ कुम्हरावंड में हुआ उपभोक्ता जागरुकता शिविर

राज्य उपभोक्ता आयोग रायपुर के निर्देशानुसार शुक्रवार को शहर के जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल के मार्गदर्शन में ग्राम कुम्हरावंड में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में जिला उपभोक्ता आयोग के नाजिर अनंत वैद्य ने उपभोक्ता जागरूकता शिविर आयोजित करने के उद्देश्य की संपूर्ण जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की। इस अवसर पर जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्य आलोक कुमार दुबे ने ई- हियरिंग के संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश को देश का पहला राज्य बनने पर राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष जस्टिस गौतम चौरड़िया के प्रति आभार ज्ञापित किया। साथ उपभोक्ता कानून की जानकारी उपस्थित लोगों को प्रदान कर ई हियरिंग एवं ई-फाइलिंग के संबंध में विस्तार से बताते हुए कहा कि अब आमजन को उपभोक्ता कानून का लाभ प्राप्त करने के लिए जिला आयोग की दूरी तय नहीं करना पड़ेगी और घर बैठे ही ई-जागृति पोर्टल द्वारा अपने मोबाइल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि उत्पाद और सेवाओं से जुड़ा प्रत्येक मुद्दा जिसमें उपभोक्ता को किसी परेशानी का सामना करना पड़ता है वह उपभोक्ता कानून के अंतर्गत आता है। ऐसी स्थिति में आम उपभोक्ता बीमा, फसल बीमा, बैंकिंग सुविधा, कोचिंग संस्थान एवं निर्माण कार्य एजेंसियों के विरुद्ध आयोग के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित जिला उपभोक्ता आयोग के पूर्व सदस्य छबिलेश्वर जोशी ने उपभोक्ता कानून पर प्रकाश डालते हुए आवश्यक शुल्क एवं समय सीमा की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर सदस्य सीमा गोलछा ने भी उपभोक्ता कानून और ई-फायलिंग के संबंध में उपस्थित ग्रामीणों को बताया। संपन्न कार्यक्रम में उप निरीक्षक प्रेम पाणिग्राही, ग्राम सरपंच दशमी बेलसरिया सचिव ललित पांडे, टिकेश्वरी जोशी, बिन्देश्वर जोशी, अमरेश्वर पांडे, नरसिंह, सुनील तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन तथा जिला उपभोक्ता आयोग के कर्मचारी भारत भूषण टंडन, अभिषेक तिवारी, सुधीर गुप्ता, संतोष देवांगन सहित मीडिया प्रतिनिधि शामिल रहे।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल**
**जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2024-25
तोकापाल दिनांक 18/9/2025

**-- उद्घोषणा--**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिपक बघेल पिता रूदू बघेल जाति मुरिया निवासी ग्राम बड़ेमारेंगा तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक की दादी श्रीमती स्व. झिरमिटी/गोविन्द मृत्यु तिथि 1/3/2014 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत बड़ेमारेंगा के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति / ग्रामवासी / पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 03/10/2025 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। पेशी पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

उद्घोषण आज दिनांक 18/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी तिथि 03/10/2025

(मुहर) तहसीलदार तोकापाल

**खबर संक्षेप**

## वैभव दास बने एबीवीपी के नगर मंत्री



जगदलपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई नवीन नगर कार्यकारणी का घोषणा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य बस्तर विभाग के विभाग प्रचारक यज्ञ सिंह थे। विभाग संयोजक शैलेष ध्रुव ने बताया कि एबीवीपी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक राष्ट्रवादी छात्र संगठन है जो छात्रहित और राष्ट्रहित के लिए कार्य करता है, जिसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय पुनर्निर्माण है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ता अर्पित मिश्रा द्वारा सत्र 2025–26 के लिए जगदलपुर इकाई का नगर कार्यकारणी के लिए वैभव दास को नगर मंत्री, ऋतिक जोगी, अजेंद्र ठाकुर, प्रशांत लाठिया एवं दिशा पाढ़ी नगर सहमंत्री, मीडिया संयोजक अश्विन पिल्ले राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख राजकमल,सह प्रमुख खीरबती, शैलेश गादे, खेलो भारत प्रमुख समीर, सह प्रमुख खुशी यादव,सेवार्थ विद्यार्थी एसएफएस प्रमुख सिया, सह प्रमुख लक्ष्य दहिया,एसएफडी प्रमुख अजय अर्की, सह प्रमुख रोहित सोढ़ी, यशोदा, सोशल मीडिया प्रमुख टेमन मंडल, एग्रीविजिन प्रमुख अक्षय दीवान, सह प्रमुख दीपक गुहा, अभिषेक कोसरे, तकनीकी प्रमुख कनिष्क टंडन, सह प्रमुख ओम लहरे, महाविद्यालय प्रमुख शेखर ध्रुव, सह प्रमुख करण शर्मा,कार्यालय मंत्री रघुनाथ नाग, विद्यालय प्रमुख निखिल नायर, स्टूडो मैट्रिक्स प्रमुख माही राव, एनएसएस प्रमुख मानस जोशी, सह प्रमुख हर्षा,शर्मिला, एनसीसी प्रमुख नीलांबर, सह प्रमुख लिजा, नगर कार्यकारणी सदस्य अवनीश मिश्रा,नूशांत जोशी, गजेंद्र सोनी, गोविंद, प्रशांत ठाकुर,जय पाण्डेय, प्रिंस,जयमन मौर्य, मनीराम, सुखनाथ,सुमन सहित अन्य कार्यकर्ताओं का घोषणा किया गया।

- अभाविप की नवीन नगर कार्यकारणी घोषणा

# नक्सल पीड़ित बच्चों के साथ मनाई दीपावली, बांटे मिठाई, पटाखे और नए कपड़े

## बस्तर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज के युवाओं ने बांटी शिवानंद आश्रम में खुशियां





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज के युवाओं ने दीपावली के अवसर पर शिवानंद आश्रम में नक्सल पीड़ित बच्चों के साथ दीपावली मनाया। युवाओं ने बच्चों के लिए मिठाई,पटाखे और नए कपड़े लेकर आए थे।

आश्रम के स्वामी ने बताया कि बस्तर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज के युवा हर वर्ष दीपावली के अवसर पर आश्रम आकर बच्चों के साथ दीपावली का त्यौहार मनाते हैं। उन्होंने कहा कि युवा देश की ताकत है और समाज में ऐसे युवाओं की सक्रियता से ही अच्छे बदलाव आ सकते हैं। स्वामी ने बताया कि समाज के युवा विक्रम सिंह ठाकुर और गजेन्द्र सिंह ठाकुर सदैव ही समाजिक कार्य और धार्मिक कार्य में सक्रिय रहते हैं और समय-समय पर सभी प्रकार के सहयोग के लिए उपस्थित रहते हैं। समाज के युवा प्रमुख विक्रम सिंह ठाकुर ने कहा कि समाज के युवा प्रत्येक त्यौहार में और अपने जन्मदिन मनाने भी यहां आते हैं और बच्चों के साथ मिलकर बहुत ही आनंद की अनुभूति होती।

इस अवसर पर प्रकाश ठाकुर, गजेंद्र ठाकुर, शैलेन्द्र ठाकुर सहित समाज के अन्य सक्रिय युवा उपस्थित रहे। आश्रम के स्वामी जी ने समाज के युवाओं की सक्रियता की प्रशंसा की और कहा कि वे समाज के लिए एक अच्छा उदाहरण हैं।

### देव बुढ़ा देव व मां पार्वती की शादी की साक्षी बने शहरवासी

# शहर में धूमधाम से मनाया गया गौरा-गौरी विवाह महापर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आदिवासी ध्रुव गोड एवं अन्य सहयोगी समाज द्वारा शहर के पथरागुड़ा में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी देवो के देव बुढ़ा देव और मां पार्वती की शादी की साक्षी बने शहरवासी सैकड़ों की संख्या में ईशर गौरा का विवाह महापर्व धूमधाम से मनाया गया। इसमें शामिल होकर नाचते गाते हुए ईसर गौरा की जय कारा लगाते हुए बम फाटकों के साथ उनका स्वागत किया। इस पर्व में महिलाएं घर-घर जाकर कलश लेकर लम्बी कतारों में चलते हुए ऐसे लगते है मानो अपने इष्ट देव की विवाह में शामिल होकर अपने आप को धन्य समझती है। इस पावन पर्व को मनाने के पीछे एक किंवदंती है कि नया फसल आने की खुशी में नया धान की बाली ईसर गौरा को भेंट कर अच्छी फसल की कामना करते हुए अपने इष्ट देव की आराधना करते हैं। ऐसी मान्यता है कि ईसर गौरी की शादी के बाद ही आदिवासी समाज में लोग अपने बच्चों की शादी करते हैं। यह भी मान्यता है कि सुरोंती की रात से ही मौसम में बदलाव दिखने लगता है ठंड का अहसास होने लगता है, यह त्योहार एक सप्ताह पहले से तैयारी कर ली जाती है लिपाई पुताई कर घरों में रंग रोगन कर घर को साफ सुथरा किया जाता है। ईसर राजा की शादी में कोई कसर न हो इस बात की पूरी सावधानी बरती जाती है, दूसरे दिन विसर्जन का कार्यक्रम होता है, जिसमें महिलाएं पुरुष नाचते कूदते हुए अपने आराध्य देव को विसर्जन किया जाता है।



**ये रहे शामिल** कार्यक्रम को निभाने में संभागीय अध्यक्ष संजय ध्रुव, संभागीय सचिव लिलेश्वर ध्रुव, जिला उपाध्यक्ष विक्रम चंद्रवंशी, परिक्षेत्र अध्यक्ष अशोक मंडावी, उपाध्यक्ष करण सिंह नेताम, युवा अध्यक्ष हेमंत चंद्रवंशी, ओमप्रकाश ध्रुव, माता की सेवादार सीताराम नेताम, नीलकंठ ठाकुर गोंचु राम ध्रुव, भगत राम ध्रुव, रामनारायण ध्रुव, धनी राम भंडारी, संतोष भंडारी, रमेश नेताम, जितेन्द्र नेताम, वेद कुमार, रूप नारायण ध्रुव, महिला प्रकोष्ठ में दया ध्रुव, राधा ध्रुव, गौरी ध्रुव, सुरुज बती नेताम, पायल नेताम, पुष्पा ध्रुव, नीलाम ध्रुव, अनीता ध्रुव, सावित्री ध्रुव, लक्ष्मी ठाकुर सहित बड़ी संख्या में सामाजिक सदस्य सहित गणमान्य सदस्य उपस्थित होकर इस महत्ती कार्य को निभाने में महत्वपूर्ण योगदान दिए।

# गौवंशों को खिचड़ी प्रसाद एवं गुड़ खिलाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हैप्पी कामधेनु गौशाला कुंरदी में गोवर्धन पूजा पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव सम्मलित होकर सभी गौवंशो को खिचड़ी प्रसाद एवं गुड़ खिलायाकर आश्रीवाद लिया। देव ने कहा कि हैप्पी कामधेनु गौशाला कुंरदी में गौमाता की सेवा कार्य लगातार कई वर्षों से कर रही है बहुत ही सेवा व पुनीत कार्य है उन्होंने सेवा कार्य मे लगे समस्त गौसेवको को साधुवाद देते प्रदेश व बस्तरवासियों को गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दी। वहीं शहर के प्रवीर वार्ड पनारापारा स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में विधायक सपरिवार गोवर्धन पूजा व अन्नकूट महोत्सव में शामिल हुए। गौवंशों को अपने हाथों से खिचड़ी प्रसाद खिलाया। साथ आमजनों के साथ अन्न भोग प्रसाद ग्रहण किया।

- गोवर्धन पूजा में शामिल हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष



# देश की सेवा में प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मंगलवार को लालबाग स्थित अमर वाटिका में देश की सेवा में प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान भव्य पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान शहीदों के परिजनों के अलावा सांसद, आईजी, कलेक्टर, एसपी व स्थानीय लोग मौजूद रहे। कर्तव्य पालन के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले बस्तर पुलिस एवं अन्य पुलिस बलों के अमर वीरों को नमन करते हुए देश की सेवा के सर्वोच्च आदर्शों को कायम रखा। देश की सेवा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर पुलिस कर्मियों को सम्मानित करने के लिए अमर वाटिका में भव्य पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने इस अवसर पर 1 सितंबर 2024 से 31 अगस्त 2025 के बीच वीरगति प्राप्त 191 शहीदों के नाम पढ़कर उनके सर्वोच्च बलिदान को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इनमें से 130 सदस्य विभिन्न राज्य पुलिस बलों से और 61 सदस्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों से थे। इस अवधि में छत्तीसगढ़ पुलिस के 16 वीर कर्मियों ने बस्तर में शांति और सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर किए वहीं बीएसएफ के 23 बहादुर जवानों ने देश के विभिन्न हिस्सों में शहीद हुए।

आयोजन के दौरान मौजूद सांसद बस्तर महेश कश्यप, कलेक्टर हरीश एस, एसपी शलभ कुमार सिन्हा के अलावा अन्य अधिकारी जनप्रतिनिधिगण एवं शहीदों के परिवारजन उपस्थित रहे जिन्हे सम्मानित किया गया। आईजी ने बताया कि हर वर्ष 21 अक्टूबर को मनाया जाने वाला पुलिस स्मृति दिवस देश के उन बहादुर पुलिस कर्मियों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता का प्रतीक है जिन्होंने भारत की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि वीर शहीदों के बलिदान से प्रेरित होकर बस्तर पुलिस क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विकास के लिए साहस, समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करती रहेगी।

- अमर वाटिका में भव्य पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन
- सांसद, आईजी, कलेक्टर, एसपी समेत अन्य अधिकारी रहे मौजूद





online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411

# ज्ञान के मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

इस वर्ष की दीपावली में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने ज्ञान के मंदिर स्कूलों में भी दीये जलाने की अपील की थी। इस अपील पर अमल करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने स्कूलों में दीये जलाकर ज्ञान की देवी सरस्वती के दरबार को रौशन करने की परंपरा शुरू की। बघेल ने संकुल केंद्र गढ़िया के प्राथमिक विद्यालय नेगीरास में एक दिया स्कूल के नाम अर्पित किया। ब्लॉक समन्वयक पीआर सिन्हा,करकपाल के स्कूल समन्वयक और गढ़िया सीएसी और बच्चों के साथ इस देवालय में लक्ष्मी पूजा के दिन रात्रि प्रहर दीपोत्सव मनाया गया।

आठवीं पुण्यतिथि



15 जनवरी 1954-23 अक्टूबर 2017

स्व.राजेंद्र नाथ पाणिग्रही

पिता प्रेम के प्रतिबिंब हैं। करुणा की प्रतिमूर्ति हैं। संस्कारों की कृति हैं।

आपके अनुगामी

श्रीमती जननी पाणिग्रही (पत्नी)
हेमंत पाणिग्रही (पुत्र), डॉ. तुषार पाणिग्रही (पुत्र), प्रमोद पाणिग्रही (पुत्र)
पायल पाणिग्रही (पुत्री) श्रीमती रीना पाणिग्रही (पुत्रवधु),
श्रीमती डॉली पाणिग्रही (पुत्रवधु) दक्षांश पाणिग्रही (पौत्र)
कुवैरा पाणिग्रही (पौत्री), आद्विका पाणिग्रही (पौत्री), रिश्वी पाणिग्रही (पौत्री)
एवं समस्त पाणिग्रही परिवार

राज-जननी निवास
मकान नंबर 09 घाटपदमुर, कुड़कानार मार्ग,
भाटागुड़ा, जगदलपुर (बस्तर), छत्तीसगढ़